

## गुरुकुल आश्रम में बच्चों के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस

**इटारसी, 17 अगस्त** भारतीय मानव अधिकार सहकर ट्रस्ट इटारसी और इटारसी की पर्यावरण संरक्षक टोली ने स्वतंत्रता दिवस महर्षि दयानन्द गुरुकुल आश्रम ग्राम जमानी के बच्चों के साथ मनाया. सर्वप्रथम झंडा फहराने के बाद बच्चों को अध्यक्ष श्रद्धा अग्रवाल द्वारा स्वतंत्रता दिवस क्यों मनाते हैं और झंडे में तीन रंगों का क्या महत्व है इसके बारे में समझाया. बच्चों ने और संगठन के सभी सदस्यों ने देशभक्ति गीत गाए बच्चों को लड्डू के साथ स्वल्पाहार भी वितरित किया गया. संगठन की सचिव कामिनी शर्मा का जन्मदिन बच्चों के साथ आचार्य जी के आशीर्वचनों के द्वारा मनाया गया. हम लोगों से मिलकर बच्चे भी बहुत खुश हुए और हमे भी बहुत अच्छा लगा. आचार्य जी ने हमारा आभार व्यक्त किया. हमे आमंत्रित करने के लिए हमने भी उनका आभार व्यक्त किया .गुरुकुल की जरूरत के आधार पर सदस्यों द्वारा 1 क्विंटल गेहूं की धनराशि (2500) आश्रम को दान की गयी. इसके साथ ही एक पेड़ माँ के नाम मिशन के अंतर्गत सभी सदस्यों ने आम और पीपल के पौधों का पौधारोपण किया. कार्यक्रम में अध्यक्ष श्रद्धा अग्रवाल सचिव कामिनी शर्मा महामंत्री पायल कोठारी आशा भारद्वाज रंजीता सोनी मोनिका सोनी निशांत अग्रवाल आदि उपस्थित रहे

# कई सैनिक परिवार घाट पर मांग रहे भीख

### चौदह वर्ष बीत जाने के बाद भी होमगार्ड सैनिकों की हो रही उपेक्षा

नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 17 अगस्त** मध्यप्रदेश होमगार्ड सेवानिवृत्ति सैनिक परिवार कल्याण संघ आपदा दूतों ने कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा है,जिसमें संघ ने अपनी पीड़ा बताते हुए कहा है कि, वर्ष 1947 से स्वतंत्र भारत के सभी जिलों में वर्षों अपनी कर्मस्थली होमगार्ड विभाग, मध्य प्रदेश शासन,जिला प्रशासन,पुलिस प्रशासन को बिना संसाधनों के हर क्षेत्र की विषम परिस्थितियों जैसे लाइन ऑर्डर कानून व्यवस्था. प्राकृतिक बाढ़ आपदा के समय बचाव राहत कार्य के माध्यम से हजारों लोगों की जान-माल की रक्षा,भारतीय लोकतंत्र के लोकसभा विधानसभा चुनाव ड्यूटी, कोरोना जैसी वैश्विक महामारी में अपनी जान जोखिम में डालकर अपने कर्तव्य पथ पर हमेशा अडिग रहे।उसके बाद भी होमगार्ड विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा हमेशा सैनिकों की उपेक्षा की गयी।

वर्तमान डीजीपी होमगार्ड सहित अन्य पूर्व तत्कालीन डीजीपी होमगार्ड के दवारा समय-समय पर सैनिकों के पक्ष में शासन को जो न्याय उचित प्रस्ताव भेजे गए उन पर विभागीय अधिकारियों ने हमेशा शासन को गलत जानकारी के चलते अमल नहीं होने दिया गया,जिससे त्रस्त होकर सैनिकों ने माननीय न्यायालय की शरण ली सभी जिलों से याचिकाएं माननीय उच्चतम न्यायालय हाईकोर्ट जबलपुर में दायर की गईं जिसके फलस्वरूप अंतिम सुनवाई पर देश की सर्वोच्च न्यायपालिका माननीय न्यायालय सुप्रीम कोर्ट दिल्ली के द्वारा वर्ष 2011 में सैनिकों के पक्ष में आदेश पारित कर होमगार्ड विभाग को नए नियम बनाकर काल आफ रोटेशन प्रणाली पूर्णत: बंद कर 12 महीने डियूटी पर रखने तथा शासन द्वारा पुलिस आरक्षक को मिलने वाली सारी सुविधाएं सैनिकों को देने का आदेश पारित किया गया था, लेकिन 14 वर्ष बीत जाने के बाद इक्कीसवीं सदी के भारत अमृत महोत्सव काल में विभागीय अधिकारियों द्वारा न के बराबर कुछ सुविधाएं सैनिकों को देकर फिर वही अंग्रेजी मासिकता विभागीय अंग्रेजी कानून नियम 2016 बनाकर दो विधान,दो नियम कानून विसंगतियों के चलते 35 से 40 वर्षों तक सेवा देने वाले सैनिकों का शोषण करके उनके मौलिक हक अधिकारों का हनन करते हुए मानसिक तथा आर्थिक नुकसान पहुंचाया गया।साथ ही वर्दी के नाम पर शासन की सारी सुविधाओं से वंचित रखा जिसके कारण आज कई सैनिक परिवार घाटों पर भीख मांगकर मेहनत मजदूरी करके अपने परिवारों का भरण-पोषण कर रहे हैं। जबकि विभागीय अधिकारी शासन से प्राप्त सारी सुविधाएं जैसे सेवानिवृत्त आयु 62 वर्ष,पेंशन,पीएफ सहित परिवार को मिलने वाली हर सुविधाओं का लाभ लें रहे हैं।जिसके कारण होमगार्ड सैनिक परिवारों में भारी रोष व्याप्त है।

सभी सेवानिवृत्त सैनिक भी विभाग में शासन द्वारा स्वीकृत स्थायी नियमित बल के कर्मचारी रहे हैं,जिनकी विभाग में स्वीकृत बल संख्या 16500 हैं,सैनिक परिवार के सदस्य प्रेमनारायण दीक्षित, बद्रीप्रसाद कौरव,ललित मोहन यादव,सहित अन्य ने बताया।

जिला नर्मदापुरम वर्ष 2011 के बाद सेवानिवृत्त हुए सैनिकों ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर नर्मदापुरम को अपनी मुख्य मांगे,जिनमें पुलिस आरक्षक के समान अर्धवार्षिक शासकीय सेवानिवृत्ति आयु 60 वर्ष से बढ़ाकर 62 करने,पेंशन सुविधा प्रदान करने,पीएफ देने सहित अन्य महत्वपूर्ण मांगों का आवेदन पत्र सौंपकर निकट भविष्य में मांगों को पूरा करने का आग्रह किया है।

## भगवा चोला ओढ़ाकर भगवान श्री झूलेलाल का आशीर्वाद प्राप्त किया

**इटारसी।** विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, सिंधी समाज द्वारा आयोजित 25 वे चालीहा महोत्सव में पहुंचे जहां पर झूलण सेवा समिति द्वारा सभी पदाधिकारियों का स्वागत एवं सम्मान किया। कार्यक्रम में विहिप के नगर कार्यकारी अध्यक्ष महेश वलेचानी की महती भूमिका रही। विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारियों ने भगवा शॉल ओढ़ाकर भगवान श्री झूलेलाल का आशीर्वाद प्राप्त किया एवं भजन कीर्तन का आनंद देर र ात तक लिया। इस अवसर पर विहिप जिला मंत्री चेतन राजपूत, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख अनूप तिवारी, नगर उपाध्यक्ष अनुरुद्ध चंसौरिया, संतोष शर्मा एवं नगर संयोजक संदीप यदुवंशी की उपस्थिति रही।

## छात्र-छात्राओं ने फोड़ी दही हांडी



नवभारत न्यूज

**सिवनी मालवा 17 अगस्त 2025,** सिवनी मालवा की उपनगरीय बानापुरा जीवा ज्योति हायर सेकेंडरी स्कूल में श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव धूमधाम से मनाया गया। छात्र छात्राओं के द्वारा स्कूल परिसर में जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें भगवान श्री कृष्ण के जीवन पर आधारित मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। श्रीकृष्ण लीला को अपने अनोखे अंदाज में प्रदर्शित किया जिसे देख सभी ने तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया। छात्र और छात्राओं की टीम के द्वारा अलग अलग बड़े उत्साह के साथ दही हांडी फोड़ी। प्राचार्य डॉक्टर प्रवीण पणिकर ने भगवान श्री कृष्ण को झूला झुलाया और आरती उतारी। छात्र छात्राओं ने बताया कि जन्माष्टमी पर्व पर भगवान श्रीकृष्ण की विभिन्न लीलाओं को प्रदर्शित किया जिसमें कृष्ण जन्म से लेकर बाल स्वरूप कृष्ण जो गोपियों को चिढ़ाते हैं, परेशान करते हैं, सुदामा तथा कृष्ण के चरित्र, राधा कृष्ण का प्रेम, कृष्ण के द्वारा अर्जुन को दिया गया उपदेश तथा कृष्ण की संपूर्ण लीलाओं को प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा शिक्षक निखिल रघुवंशी, शिक्षिका तृप्ति राजपूत एवं प्रियंका उईके द्वारा तैयार की गई थी। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉक्टर प्रवीण पणिकर ने छात्र छात्राओं को बताया कि श्री कृष्ण के गुणों को किस प्रकार अपने जीवन में आत्मसात करना है। इस अवसर पर शिक्षक शिक्षिका एवं छात्र उपस्थित थे।

## यादव समाज ने ढोल-ढमाकों के साथ निकाली भव्य शोभायात्रा




नवभारत न्यूज

**माखननगर, 17 अगस्त** नगर में कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर यादव यदुवंशी समाज संगठन द्वारा भव्य शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। विभिन्न झांकियां, डीजे, ढोल ढमाकों के साथ यात्रा गायत्री मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई आरा मशीन पर संपन्न हुई एवं नर्मदापुरम को रवाना हुई। यात्रा का नगर में विभिन्न संस्थाओं एवं समितियों द्वारा जगह जगह स्वागत सम्मान किया गया। जिसमें क्षेत्रीय विधायक विजयपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु व गणमान्य नागरिक शामिल रहे। दूसरी कृष्ण जी की भाव पर शोभा यात्रा यादव समाज द्वारा नगर में निकाली गई जिसमें काफी बड़ी में महिला पुरुष जुलूस में नृत्य करते हुए चल रहे थे शाम को मनुष्य मिलन योग साधन परिषद द्वारा श्री कृष्ण भगवान की झांकी नगर के प्रमुख महत्वपूर्ण से निकल गई.

## विधायक डॉ . दोगने ने किया गौ सदन का लोकार्पण

**हरदा** विधायक डॉ. रामकिशोर दोगने ने मगरधार रोड स्थित दयोदय गौशाला पहुंचकर गौ-माता का पूजन अर्चन कर क्षेत्र की खुशहाली की कामना की ।इसके पश्चात विधायक डॉ. दोगने द्वारा दयोदय गौशाला में गौ-माता के लिए विधायक निधि की 05 लाख रूपये की राशि स्वीकृत वात्सल्य गौसदन निर्माण कार्य का लोकार्पण किया गया। हरदा विधायक द्वारा श्री दयोदय पशुधन संरक्षण समिति को दी गई सौगात के लिए समिति के सदस्यों द्वारा हरदा विधायक डॉ. दोगने का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया.

## राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने छात्रावास में मनाई जन्माष्टमी

नवभारत न्यूज

**खिरकिया, 17 अगस्त** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ महाविद्यालय कार्य के अंतर्गत खंड प्रमुख जय मारवाड़ी द्वारा जन्माष्टमी उत्सव का आयोजन छात्रावास में रहकर अध्यन करने वाले बच्चों के बीच में किया ,इस दोरान शासकीय सीनियर बालक छात्रावास , उत्रकृष्ट बालक छात्रावास में जन्म अष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया खंड प्रचारक कपिल गीते द्वारा भगवान कृष्ण के जीवन पर प्रकाश डालते हुए देवकी माँ की कोख से अवतरण( जन्म )और यशोदा माँ के पास लालन पालन सहित उनके बाल्य काल की लीलाओ से




छात्रावास के बच्चों को अवगत करा मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमे 9 वी के छात्र श्याम पिता रामसिग कलमे ने प्रतियोगिता में मटकी फोड़ कर पांच सो इकावन रूपये का पुरस्कार प्राप्त किया । प्रचारक ने बताया कार्यक्रम का उद्देश्य लोगो के मन के नकारात्मक भाव को समाप्त करना है.

## लापता बालक को ढूंढकर किया परिजनों के हवाले

**नर्मदापुरम.** थाना देहात नर्मदापुरम की सक्रियता ने 13 वर्षीय बालक को ढूंढकर किया परिजनों के हवाले ।थाना प्रभारी देहात सौरव पांडे ने बताया कि, अपराध क्रं 475/ 25 गुम इंसान क्रमांक 122/25 गुमशुदा अपहृत बालक राम लविशंकर पिता शनीराम लविशंकर उम्र 13 वर्ष निवासी बंजारी ढाल रैयत थाना चोपना जिला बैतूल जो कुछ दिनों से लापता था जिसकी सूचना थाने में दी गई थी ।उक्त बालक को प्रधान आरक्षक मनोज निमोदा, द्वारा दस्तयाब किया गया और परिजनो को सौंपा.

## आज विधायक करेंगे 53 लाख के नगर विकास कार्यों का भूमिपूजन

नवभारत न्यूज



**इटारसी, 17 अगस्त** शहर के वार्ड 12, 13, 14 व 19 में विकास कार्यों का भूमिपूजन विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा द्वारा किया जाएगा। नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने बताया कि वार्ड 19 में 18 अगस्त शाम 4 बजकर 30 मिनिट पर भारत माता चौराहा के पास सड़क और नाली निर्माण का भूमिपूजन होगा। इसकी लागत 14 लाख रुपये है। इसी तरह न्यास कालोनी वार्ड 13 में शाम 4ः00 बजे साईं मंदिर के पास विधायक निधि से प्रस्तावित कार्य पार्क निर्माण लागत 8 लाख, अरविंद शर्मा के निवास के सामने बालक पार्क एवं आंगनबाड़ी केंद्र लागत 15 लाख, वार्ड 14 और 12 में दो आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण 16 लाख रुपये से होगा। नपाध्यक्ष चौरे ने बताया कि कुल 53 लाख रुपये से निर्माण कार्य होंगे।

## ज्ञान गंगा स्कूल में मनाया कृष्ण जन्मोत्सव

**हरदा,** ज्ञानगंगा स्कूल में भगवान कृष्ण का जन्म उत्सव बड़े ही धूम धाम एवं गरिमामयी पूर्वक मनाया गया। प्रात: सभी छात्र एवं छात्राएं कृष्ण भक्ति में रंगे हुए वेश में स्कूल पहुंचे स्कूल में दिव्य सजीव झांकी सजाई गई। इसके बाद भगवान राधा-कृष्ण, वासुदेव व देवकी जी का पूजन, आरती की गईं माखन मिश्री का भोग एवं प्रसादी वितरण किया गया। मानो ज्ञानगंगा का पूरा परिसर वृंदावन जैसा लग रहा ।इसके बाद झांकी स्कूल परिसर से प्रारंभ होकर, तेजाजी चौक होते हुए वापस पहुंची।

## सांसद उईके ने लगाया जनता दरबार, सुनीं समस्याएं, 55 आवेदन आए

**दुर्गादास उइके ने जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याओं को जाना तथा निराकरण कराया**

नवभारत न्यूज

**हरदा** भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय नेतृत्व एवं प्रदेश नेतृत्व के जनदर्शन एवं जनता से जुड़े रहने के कार्यक्रम के अंतर्गत जनता की समस्याओं को जनता के मध्य जाकर सुनने की इस पहल के अंतर्गत रविवार को बैतूल-हरदा- हरसूद के सांसद केंद्र सरकार में राज्य मंत्री डीडी उईके ने भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय कमल कुंज में हरदा में जनसंवाद का कार्यक्रम आयोजित किया ।जिसमें दुर्गादास उइके ने जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याओं को जाना एवं संबंधित अधिकारियों को आदेशित किया लोगों ने अपनी ट्रैन, बिजली ,पानी, फसल बीमा, रोड। आदि समस्याओं के बारे में सांसद को अवगत कराया ।

संवाद में लगभग 55 आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान जिलाध्यक्ष राजेश वर्मा , मंडल अध्यक्ष नितेश बादर सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## दो अज्ञात शव मिले पुलिस जांच में जुटी

**हण्डिया 17 अगस्त** हंडिया पुलिस थाना क्षेत्र के कामख्या धाम नर्मदा किनारे 2 अज्ञात शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई ।सूचना पर हंडिया पुलिस मौके पर पहुंची तथा दोनों शवों को कब्जे में लेकर हंडिया पुलिस जांच में जुटी। अज्ञात बालक कि उम्र करिवन 8 से 10,वर्ष तथा पुरूष की उम्र 50 से 52 वर्ष बतायी जा रहीं हैं। जिसने- स्लेटी कलर की टी शर्ट,पहने हुए हैं गले में जनेऊ माला पहने है। इस संबंध में हंडिया थाना प्रभारी मानवेन्द्र सिंह भदौरिया ने बताया है कि यह दोनों अज्ञात शवों कि शिनाख्त कराई जा रहीं हैं।

## शहर में जगह - जगह हुआ ध्वजारोहण

नवभारत न्यूज

**पिपरिया,** 17 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शासकीय अशासकीय कार्यालयो,स्कूलो में ध्वजारोहण के साथ कार्यक्रमो को आयोजन हुआ। मुख्यकार्यक्रम शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित हुआ जिसमें ध्वजारोहण जनपद अध्यक्ष संध्या सिगारे ने किया। विधायक ठाकुरदास नागवंशी, नगरपालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल, जनपद उपाध्यक्ष कुसुम लता पटेल ने इस अवसर पर शुभकामनाऐ देते हुए क्षेत्र के विकास पर अपनी बात रखी व प्रधानमंत्री,मुख्यमंत्री के नेतृत्व में चल रही योजनाओं के बारे में बताया। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का संदेश का लाइव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर शासकीय अशासकीय स्कूलो के विद्यार्थियों ने राष्ट्रगीत,राष्ट्रीय गान की प्रस्तुति दी वही पीटी प्रदर्शन व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए जिसमें सांदीपनी आरएनए उत्कृष्ठ विद्यालय का सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सभी का मनमोहा। इस अवसर पर जनपद सीईओ प्रबल अरजरिया,नपा सीएमओ रविप्रकाश नायक, बीओ एसएल रघुवंशी,बीआरसी प्रदीप शर्मा,संकुल प्राचार्य अरविंद रघुवंशी, सीएम राइज प्राचार्य संजीव दुबे सहित आदि लोग शामिल थे.

## मटन बाजार निर्माण को लेकर बौखलाया हिंदू समाज

नवभारत न्यूज

**शोभापुर, 17 अगस्त** ग्राम शोभापुर के मध्य से होकर गुजरने बाला एम एच 22 हाईवे मार्ग जिस पर मटन बाजार के निर्माण एवं स्थापित होने की खबर जैसे ही गली बा चौराहा पर गूंजी जिसको लेकर समस्त हिंदू समाज बौखलाया हुआ नजर आया । विभिन्न संगठन इस बाजार के विरोध में खड़े नजर आए मुख्य मुख्य ग्राम शोभापुर के पत्रकार व्हाट्सएप ग्रुपों पर निरंतर इस विषय को लेकर बात विवाद सुचारू रूप से जारी है ।विषय की गंभीरता को देखते हुए जब गुप्त सूत्रों से जानने का प्रयास किया गया तब सामने आया कि ग्राम का सबसे प्राचीन दुर्गा मंदिर वर्तमान में जहां स्थापित है उसी के समक्ष मटन मार्केट खुलने को लेकर समस्त जन समूह आकर्षित नजर आ रहा है ।

स्थानीय लोगों का मानना है कि यह दुर्गा मंदिर बहुत प्राचीन मंदिर है ।जो वर्तमान में बिजली ऑफिस शोभापुर के यहां पर मौजूद है जिससे हिंदू समाज की अनेकों भावनाएं जुड़ी हुई है ।जब इस मुद्दे को लेकर कुछ चुनिंदा मुख्य मुख्य व्यक्तियों से चर्चा हुई तब उनका कहना है कि प्रशासन के पास पर्याप्त मात्रा में शासकीय भूमि उपलब्ध है परंतु हिंदू समाज के ऊपर किसी न किसी प्रकार से घात करने में तनिक भी देरी नहीं लगता प्रशासन हम निवेदन करते हैं ।यह मांस का बाजार यहां पर ना बनाते हुए किसी और जगह पर बनाया जाए ।अगर हमारी धार्मिक भावनाओं के साथ किसी भी प्रकार का खिलवाड़ किया गया तो यह शकल राजनीतिक एवं प्रशासनिक अधिकारियों के लिए सही नहीं होगा ।

## ठाकरे व वाजपेयी जी की जयंती मनायी गई

**पिपरिया** भारतीय जनतापार्टी के द्वारा कुशाभाऊ ठाकरे की जयंती तथा पूर्व प्रधानमंत्री अटलबिहारी वाजपेयी की पुण्य तिथि के अवसर पर हर बूथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यायक ठाकुरदास नागवंशी, नपाध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल,पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष माधवदास अग्रवाल, राजेन्द्र हरदेनिया, गोपालदास दुदानी, कार्यक्रम प्रभारी प्रशांत तिवारी,विनोद कटकवार, ओम प्रकाश वर्मा, संगीता हरदेनिया,श्री शुक्ला, सत्यम साहू व पार्षदो की उपस्थिति में जयंती मनाई गई.

## सेवा, समर्पण के लिए सीएमओ श्रीमती पटले सम्मानित

नवभारत न्यूज

**नर्मदापुरम, 17 अगस्त** स्वतंत्रता दिवस के मुख्य कार्यक्रम में सेवा और समर्पण के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी और उनके साथ नगर पालिका के अन्य अधिकारी और कर्मचारियों को सम्मानित किया गया है। पुलिस परेड ग्राउंड पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रभारी मंत्री राकेश सिंह, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, सोहागपुर विधायक विजयपाल सिंह, भाजपा



जिलाध्यक्ष प्रीति शुक्ला, नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी हेमेश्वरी पटले, अतिक्रमण दल प्रभारी सुनील राजपूत, हांका दल प्रभारी गगन सोनी और राजस्व शाखा से हरीश गोस्वामी को उत्कृष्ट सेवा और समर्पण से किए गए कार्यों के चलते उनको प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

## सनफ्लावर स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया स्वतंत्रता दिवस

**हरदा** 79वाँ स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शिक्षण विकास समिति के अध्यक्ष रविशंकर अग्रवाल ने सनफ्लावर स्कूल प्रांगण में ध्वजारोहण किया। तत्पश्चात उन्होंने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी अनमोल है और इसे सम्भालने की सारी जिम्मेदारी हमारे कंधों पर है। हम देश के विकास में लगातार ऐसे काम करें जिससे देश की आन, बान, शान बनी रहे और हर बच्चा भारतीय होने का गर्व महसूस कर सके। हम सभी की यह भी नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि एक-दूसरे को सहयोग कर राष्ट्रहित में आने वाली समस्याओं को दूर करें और तेजी से बढ़ते भारत के लिए अपना योगदान दें। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्कूल प्राचार्य श्रीमती चन्द्रलेखा रेड्डी ने कहा कि स्कूल के सभी शिक्षकों के सहयोग से सुसज्जित यह आयोजन आज हम देश के नाम समर्पित कर रहे हैं और छात्र-छात्राओं से अपेक्षा है कि देश प्रेम से बड़ा कुछ नहीं होता, तुम्हे यह जिम्मेदारी समझना चाहिए कि आने वाला कल आपका है और देश सेवा आपका कर्तव्य बनने वाला है। इसके तुरंत बाद साँस्कृतिक कार्यक्रमों की बेला में एक से एक बढ़कर राष्ट्रीय गीत छात्र-छात्राओं के ग्रुप ने प्रस्तुत किये। संगीत शिक्षक श्री आशीष गौर के कुशल निर्देशन में राष्ट्रगान के पाँचों भागों का गायन भी किया गया। देशभक्ति पूर्ण नृत्य और नाटिकाओं में उपस्थित सभी का ध्यान आकर्षित किया.

## नगर के 4 चौराहों पर गांधी टोपी वालों ने लहराया स्वतंत्रता दिवस पर तिरंगा

नवभारत न्यूज

**माखननगर, 17 अगस्त** राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस 2025 पर नगर के चार मुख्य चौराहों पर बड़े उत्साह के साथ गांधी टोपी पहने कांग्रेसियों ने तिरंगा लहराया और राष्ट्रीय गान के साथ ध्वज सलामी दी ।इस दौरान संजय चौक पर पूर्व प्रदेश महासचिव विकल्प डेरिया की मौजूदगी में ब्लाक कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष सुबोध दुबे बंटी ने , सुभाष चौक पर वरिष्ठ कांग्रेस नेता हकीम खान ने, गांधी चौक शनीचरा पर वरिष्ठ पत्रकार महेन्द्र सिंघई ने व माखन चौक पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष संजय गिल्ला ने तिरंगा फहराया ।और भारत माता के जयकारे लगाये नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष महोदय द्वारा ध्वजारोहण किया गया, जनपद पंचायत, मॉडल स्कूल, सुमित्रा स्कूल ,शासकीय सांदीपनि हायर सेकेण्ड स्कूल पीएम श्री कन्या स्कूल एवं अन्य साथ की शासकीय एवं अशाकीय संस्थानों में संस्थापों के प्रमुख द्वारा ध्वजारोहण किया गया ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्वतंत्रता दिवस काफी धूमधाम से बनाया गया ध्वजारोहण के बाद बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए.

## खराब फसल का व्यक्तिगत बीमा क्लेम कर सकते हैं किसान

**नर्मदापुरम** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत ऐसे किसान जिनकी वर्तमान खरीफ फसल स्थानीय प्राकृतिक आपदा से जलभराव होने के कारण खराब हो चुकी है,वे कृषि विभाग व बीमा कंपनी को व्यक्तिगत आवेदन देकर अपनी फसल नुकसानी का बीमा क्लेम कर सकते है। वर्षा के कारण किसानों के खेतों में जो नदी, नाले के किनारे हो या रेला हो या डबराई जमीन में जलभराव होने के कारण फसल खराब हो जाती है,ऐसे किसान व्यक्तिगत आवेदन बैंक प्रबंधक जहां उसका के.सी.सी. खाता है आवेदन देकर व्यक्तिगत बीमा क्लेम कर सकता है।

## ग्राम बारंगा के शासकीय विद्यालय में श्री पटेल ने किया ध्वजारोहण

नवभारत न्यूज

**हरदा, 17 अगस्त** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री कमल पटेल ने हरदा जिले में अपने गृह ग्राम बारंगा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में झंडावंदन किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के विद्यार्थियों एवं ग्रामीणजनों को आजादी की 79वीं वर्षगांठ की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के दौरान अपने संबोधन में पूर्व कैबिनेट मंत्री कमल पटेल ने कहा कि सन् 1947 से पहले तक भारत माता अंग्रेजों की बैडियों में बंधी हुई थीं। हमारे देश के अमर शहीदों ने



अपने प्राणों की आहुति देकर भारत माता को आजादी दिलाई। अंग्रेजों के शासन में हमारे बुजुर्गो पर बहुत अत्याचार हुए। उन्होंने कहा कि आज स्वतंत्रता दिवस के मौके पर मैं बहुत गौरवान्वित हूं कि अपने गृह ग्राम बारंगा की स्कूल में ध्वजारोहण किया। आज का दिन हम सभी को यह संकल्प लेने का दिन भी है कि हम जीएंगे तो इस देश के लिए और जरूरत पड़ी तो अपने हमारे प्राणों को न्यौछावर करने में पीछे नहीं हटेंगे। हम सब मिलकर सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के पथ पर चलते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत बनाने में भागीदार बनने का संकल्प लें, ताकि हमारे देश को और अधिक सशक्त तथा आत्मनिर्भर बना सकें। पूर्व कैबिनेट मंत्री श्री पटेल ने कहा कि जब पाकिस्तान ने हमारे भारतीयों को मारा। तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान को मुंह तोड़ जवाब दिया।